**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 07.06.2024 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया है।
- चिकित्सा अधीक्षक ने सभी निजी अस्पतालों और क्लीनिकों से अपने बायो मेडिकल अपशिष्टों को निपटान के लिए जी बी पंत अस्पताल में भेजने की अपील की है।
- मादक पदार्थ विरोधी पुलिस थाने की टीम ने बारह किलो से अधिक गांजे के साथ बिमल मोंडा नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।
- पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद जल शुल्क, संरक्षण शुल्क और सम्पत्ति कर की अदायगी के लिए क्यू आर कोड की सुविधा शुरू करेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया है। नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने श्री मोदी को एनडीए का नेता चुनने का प्रस्ताव रखा और एनडीए के सभी घटक दलों के नेताओं ने इसका समर्थन किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि यह गठबंधन कोई मजबूरी नहीं, बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है। प्रस्ताव का समर्थन करते हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह सिर्फ एनडीए संसदीय दल की बैठक में बैठे नेताओं की नहीं, बल्कि इस देश के एक सौ चालीस करोड़ लोगों की इच्छा है। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले दस वर्षों में महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि देश ने उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन देखा है। बिहार के मुख्यमंत्री और जनतादल यूनाइटेड अध्यक्ष नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपना समर्थन जताते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि हम सभी एक साथ आए हैं और अब सभी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए उन दलों का समूह नहीं है जो सत्ता के लिए एक साथ आए हैं, बल्कि यह राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध गठबंधन है। उन्होंने कहा कि एनडीए भारत के इतिहास में सबसे सफल गठबंधन है और हमारा

लक्ष्य सभी निर्णयों में सर्वसम्मति बनाना होगा। श्री मोदी ने कहा कि आज देश की जनता ने एनडीए को बाईस राज्यों में सरकार बनाकर सेवा करने का अवसर दिया है। श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार सुशासन, विकास, आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में एनडीए ने देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले दशक के दौरान शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक बदलाव पर ध्यान केंद्रित किया है। प्रधानमंत्री का यह बयान, क्यू एस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जी–20 देशों के बीच भारत के सर्वोच्च वृद्धि दर्ज करने के बाद आया है। भारत ने वर्ष दो हजार पन्द्रह के ग्यारह विश्वविद्यालयों से बढ़कर वर्ष दो हजार पच्चीस में छियालीस तक पंहुचकर रैंकिंग में तीन सौ अट्ठारह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में, कठिन परिश्रम और समर्पण के लिये विद्यार्थियों, फैकल्टी और संस्थानों की सराहना की है।

<><><><><><><>

चिकित्सा अधीक्षक ने सभी निजी अस्पतालों और क्लीनिकों से अपने बायो मेडिकल अपशिष्टों को निपटान के लिए जी बी पंत अस्पताल में भेजने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जी बी पंत अस्पताल में निपटान के लिए भेजी जाने वाली अपशिष्टों को नवीनतम बायो मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन के दिशा–निर्देशों के अनुसार उचित रूप से अलग किया जाना चाहिए। अलग किए गए कचरे को उसकी सामग्री के अनुसार प्रमाणित किया जाना चाहिए। लाल, नीले और सफेद बैगों को निपटान के लिए नगरपालिका परिषद को भेजा जाता है। इसलिए इन बैगों की सामग्री को कीटाणुरहित कर सही तरीके से लेबल किया जाना चाहिए। सूखे और गीले कचरे को भी अलग–अलग भेजने की आवश्यकता है। ऐसा न करने पर जी बी पंत अस्पताल द्वारा कोई भी बायो मेडिकल अपशिष्ट प्राप्त नहीं किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस द्वीपों में ड्रग्स और साइबर अपराध को खत्म करने के लिए पूरज़ोर कोशिश कर रही है। आज पोर्ट ब्लेयर में मीडिया से बात करते हुए उप–पुलिस महानिरीक्षक संजय त्यागी ने कहा कि आम जनता, मीडिया, विभिन्न विभागों के सहयोग से हम इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं और कामयाब भी हो रहे हैं। हाल ही में कोलकाता से विमान में बिमल मोंडा नामक एक व्यक्ति से बारह किलो से अधिक गांजा

ज़ब्त करने की जानकारी देते हुए उप–पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर सी आई डी की मादक पदार्थ विरोधी पुलिस थाने की टीम ने हवाई अड्डे में जाकर संबंधित व्यक्ति की तलाशी ली और उसके पास से बारह किलो से अधिक गांजा ज़ब्त किया गया। आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ की जा रही है और इस गोरखधंधे में शामिल अन्य लोगों तक पहुंचने के सिलसिले में पूछताछ जारी है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद जल शुल्क, संरक्षण शुल्क और सम्पत्ति कर की अदायगी के लिए क्यू आर कोड की सुविधा शुरू करेगा। परिषद के कर्मचारी सभी वार्डों में घर–घर जाकर बिलों का वितरण करेंगे। निवासियों से आग्रह किया गया है कि वे निरंतर सेवा और समर्थन सुनिश्चित करने के लिए चालू वित्त वर्ष के अपने बकाया और पिछले वर्षों के सभी शेष बचे हुए बिलों का तुरंत भुगतान करें। किसी भी विसंगतियों के लिए नगरपालिका परिषद के राजस्व अधिकारी या सहायक प्रबंधक, आई टी से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान चैम्बर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री के नाम में परिवर्तन किया गया है। ज़िला प्रशासन की स्वीकृति के बाद अब इसे अंडमान निकोबार चैम्बर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री के नाम से जाना जाएगा।

<><><><><><><>

बिजली से संबंधित कार्य किए जाने के कारण कल दक्षिण अंडमान के कई भागों में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह आठ बजे से दिन में दो बजे तक होगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। मायाबंदर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक उनसठ मिलीमीटर, लांग आइलैंड में तैंतीस और पोर्ट ब्लेयर में पन्द्रह दशमलव पांच मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि नौ और दस जून को अंडमान द्वीप के एकाध भागों में भारी वर्षा हो सकती है। खराब मौसम के कारण मछुआरों को दस से बारह जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।